## * MCQ [21]

1. अंकुरण किसका होता है?
   (A) पत्ता (B) जड़ (C) तना (D) बीज

   **जवाब :** स्वप्रयत्न

2. गमले को औंधा लटकाने पर पौधा बढ़ेगा-
   (A) नीचे (B) ऊपर (C) दाएँ (D) बाएँ

   **जवाब :** स्वप्रयत्न

3. अंगारक वायु है-
   (A) कार्बन डाईऑक्साइड (B) ऑक्सीजन
   (C) प्राणवायु (D) सभी उत्तर सही हैं।

   **जवाब :** स्वप्रयत्न

4. बीज होता है-
   (A) फल में (B) पत्ते में (C) फूल में (D) टहनी में

   **जवाब :** स्वप्रयत्न

5. पुराना पेड़ हो जाता है-
   (A) सूखा (B) क्षीण (C) हरा (D) कमज़ोर

   **जवाब :** स्वप्रयत्न

6. मधुमक्खी का आगमन करता है-
   (A) उपकार (B) अपकार
   (C) विनाश (D) इनमें से कोई नहीं

   **जवाब :** स्वप्रयत्न

7. वृक्ष बनने की प्रक्रिया किससे शुरू होती है?
   (A) तने से (B) अंकुर से (C) बीज से (D) फूल से

   **जवाब :** (C) बीज से

8. वृक्ष के किस हिस्से को 'जड़' कहा जाता है?
   (A) जो हिस्सा माटी के भीतर प्रवेश करता है (B) जो हिस्सा माटी से ऊपर बढ़ता है
   (C) पत्तियाँ (D) फूल

   **जवाब:** (A) जो हिस्सा माटी के भीतर प्रवेश करता है

9. पेड़-पौधे भोजन कैसे ग्रहण करते हैं?
   (A) फल खाकर (B) तरल द्रव्य और वायु से (C) पानी पीकर (D) बीज के माध्यम से

   **जवाब :** (B) तरल द्रव्य और वायु से

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

10. पेड़ के पत्ते किस प्रकार की वायु को शुद्ध करते हैं?

(A) ऑक्सीजन (B) नाइट्रोजन

(C) अंगरक (कार्बन-डाइ-ऑक्साइड) (D) हाइड्रोजन

**जवाब :** (C) अंगरक (कार्बन-डाइ-ऑक्साइड)

11. पेड़-पौधे किस तत्त्व के बिना जीवित नहीं रह सकते?

(A) पानी (B) माटी (C) प्रकाश (D) वायु

**जवाब :** (C) प्रकाश

12. पेड़ अपने संतान (बीज) की सुरक्षा के लिए क्या तैयार करता है?

(A) जड़ (B) तना

(C) पत्तियाँ (D) फूल की पंखुड़ियों से घिरा घर

**जवाब :** (D) फूल की पंखुड़ियों से घिरा घर

13. मधुमक्खियाँ पेड़-पौधों के लिए किस प्रकार लाभकारी होती हैं?

(A) मधु संग्रह करके (B) पराग-कण एक फूल से दूसरे फूल तक ले जाकर

(C) फूलों की सुगंध फैलाकर (D) तने को मजबूत बनाकर

**जवाब :** (B) पराग-कण एक फूल से दूसरे फूल तक ले जाकर

14. वृक्ष के सूखने का मुख्य कारण क्या है?

(A) पानी की कमी (B) जड़ों का कमजोर होना

(C) संतान के पोषण के लिए अपनी सारी ऊर्जा खर्च कर देना (D) हवा का आघात सहन न कर पाना

**जवाब :** (C) संतान के पोषण के लिए अपनी सारी ऊर्जा खर्च कर देना

15. वृक्ष अपने फूलों में क्या संचय करके रखते हैं?

(A) बीज (B) पतियाँ (C) मधु (D) जल

**जवाब :** (C) मधु

16. वृक्ष के गिरने का कारण क्या है?

(A) जड़ का कमजोर होना (B) हवा के झोंकों का आघात सहन न कर पाना

(C) तने का टूटना (D) संतान के पोषण में सारी छर्जा खर्च कर देना

**जवाब :** (B) हवा के झोंकों का आघात सहन न कर पाना

17. 'मैं सबसे छोटी होऊँ' कविता किसके द्वारा लिखी गई है?

(A) भगवत शरण उपाध्याय (B) गुणाकर मुले (C) विष्णु प्रभाकर (D) सुमित्रानंदन पंत

**जवाब :** (D) सुमित्रानंदन पंत

18. सबसे छोटी होने की कामना क्यों की गई है?

(A) अपनी जिम्मेदारियाँ न सँभालने के लिए (B) सदा माँ के साथ रहने केलिए

(C) डर से बचने के लिए (D) सदा सुरक्षित रहने केलिए

**जवाब :** (B) सदा माँ के साथ रहने केलिए

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

19. बच्ची किसके साथ रहने के लिए बड़ी नहीं होना चाहती?

(A) माँ (B) पिता (C) दादा-दादी (D) दोस्त

**जवाब:** (A) माँ

20. माँ के आँचल की छाया में बच्ची कैसा महसूस करती है?

(A) निर्भय (B) उदास (C) भयभीत (D) इनमें कोई नहीं

**जवाब:** (A) निर्भय

21. बड़ी बनने का क्या नुकसान है ? .

(A) बड़ी बनने से माँ सदा साथ नहीं रहती (B) बड़ी होने पर कोई खिलौना नहीं देता

(C) बड़ी होने पर कोई जन्म दिन नहीं मानता (D) बड़ी होने पर शादी कर दी जाती है

**जवाब:** (A) बड़ी बनने से माँ सदा साथ नहीं रहती

*** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए** [5]

22. बीज से अंकुर निकलने पर जो अंश माटी के भीतर प्रवेश करता है, उसे ____________ कहते हैं।

**जवाब :** जड़

23. पेड़-पौधे तरल द्रव्य और ____________ से भोजन ग्रहण करते हैं।

**जवाब :** वायु

24. पेड़ अपनी संतान की सुरक्षा के लिए फूल की ____________ से घिरा एक घर तैयार करता है।

**जवाब :** पंखुड़ियाँ

25. पेड़ अपनी संतान के पोषण के लिए अपना सारा ____________ खर्च कर देता है।

**जवाब :** रस

26. हवा का ____________ सहन न कर पाने के कारण सूखा पेड़ गिर पड़ता है।

**जवाब :** आघात

*** नीचे दिए गए कथनों में से सत्य या असत्य कथन की पहचान कीजिए।** [5]

27. पेड़ की जड़ मिट्टी में मजयूत होती है और तना ऊपर की ओर उठता है।

**जवाब :** सत्य

28. यदि गमला उल्टा लटका दिया जाए, तो पौथे की जड़ ऊपर की ओर और तना नीचे की ओर बढ़ेगा।

**जवाब :** सत्य

29. पेड़-पौधे पानी और तरल पदार्थों से भोजन ग्रहण करते हैं, जबकि जानवर ठोस पदार्थ खाते हैं।

**जवाब :** सत्य

30. पौधे सूर्य की किरणों को ग्रहण करने के लिए प्रयास नहीं करते हैं।

**जवाब :** असत्य

31. पेड़ों के फूलों से सजने पर उसकी सुंदरता में वृद्धि होती है।

**जवाब :** सत्य

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

*** दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए :** [35]

32. वृक्ष का अंकुर निकलने पर जो अंश माटी के भीतर प्रवेश करता है, उसका नाम जड़ है और जो अंश ऊपर की ओर बढ़ता है, उसे तना कहते हैं। सभी पेड़-पौधों में 'जड़ व तना' ये दो भाग मिलेंगे। यह एक आश्चर्य की बात है कि पेड़-पौधों को जिस तरह ही रखो, जड़ नीचे | की ओर जाएगी व तना ऊपर की ओर उठेगा। एक गमले में पौधा था। परीक्षण करने के लिए कुछ दिन गमले को औंधा लटकाए रखा।
पौधे का सिर नीचे की तरफ़ लटका रहा और जड़ ऊपर की ओर रही। दो-एक दिन बाद क्या देखता हूँ कि जैसे पौधे को भी सब भेद मालूम हो गया हो ।

**प्रश्न -**

(क) अंकुर का वह भाग जो माटी के भीतर प्रवेश करता है, क्या कहलाता है?

(ख) पौधे का तना किस तरफ़ जाता है?

(ग) पौधे को कौन – सा भेद मालूम हो गया था ?

**जवाब :** (क) अंकुर का वह भाग जो माटी के भीतर प्रवेश करता है, जड़ कहलाता है।

(ख) पौधे का वह भाग जो ऊपर की तरफ़ बढ़ता है, वह तना कहलाता है।###पौधे का तना सदैव ऊपर की ओर बढ़ता है।

(ग) पौधे का सिर नीचे की तरफ़ लटका रहा और जड़ ऊपर की ओर रही। दो-एक दिन बाद क्या देखता हूँ कि जैसे पौधे को भी सब भेद मालूम हो गया हो ।

33. सूक्ष्मदर्शी से अत्यंत सूक्ष्म पदार्थ स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हैं। पेड़ की डाल अथवा जड़ का इस यंत्र द्वारा परीक्षण करके देखा जा सकता है कि पेड़ में हज़ारों-हजार नल हैं। इन्हीं सब नलों के द्वारा माटी से पेड़ के शरीर में रस का संचार होता है।इसके अलावा वृक्ष के पत्ते हवा से आहार ग्रहण करते हैं। पत्तों में अनगिनत छोटे-छोटे मुँह होते हैं। सुक्ष्मदर्शी के जरिए अनगिनत मुँह पर अनगिनत होंठ देखे जा सकते हैं। जब आहार करने की ज़रूरत न हो तब दोनों होंठ बंद हो जाते हैं। जब हम श्वास-प्रश्वास ग्रहण करते हैं तब प्रश्वास के साथ एक प्रकार की विषाक्त वायु बाहर निकलती है, उसे 'अंगारक' वायु कहते हैं। अगर यह ज़हरीली हवा पृथ्वी पर इकट्ठी होती रहे तो तमाम जीव-जंतु कुछ ही दिनों में उसका सेवन करके नष्ट हो सकते हैं। ज़रा विधाता की करुणा का चमत्कार तो देखो, जो जीव-जंतुओं के लिए जहर है, पेड़-पौधे उसी का सेवन करके उसे पूर्णतया शुद्ध कर देते हैं।

**प्रश्न -**

(क) सूक्ष्मदर्शी यंत्र का क्या उपयोग है?

(ख) 'अंगारक वायु' किसे कहते हैं?

(ग) वृक्ष अपना आहार किस प्रकार ग्रहण करते हैं?

**जवाब :** (क) सूक्ष्मदर्शी यंत्र अत्यंत सूक्ष्म पदार्थों को स्पष्ट रूप से देखने के काम आता है। इस यंत्र द्वारा परीक्षण करके देखा जा सकता है कि पेड़ में हज़ारों हज़ार नल हैं। इन सब नलों के द्वारा ही माटी से पेड़ के शरीर में रस का संचार होता है।

(ख) जब हम श्वास-प्रश्वास ग्रहण करते हैं तब प्रश्वास के साथ एक प्रकार की विषाक्त वायु बाहर निकलती है, उसे ही 'अंगारक वायु' कहते हैं। यह दूषित वायु है।

(ग) वृक्ष के पत्ते हवा से आहार ग्रहण करते हैं। पत्तों में अनगिनत छोटे-छोटे मुँह (छेद) होते हैं। ये मुँह केवल आहार लेने के समय ही खुलते हैं, अन्यथा बंद रहते हैं।

34. अब तो समझ गए होंगे कि प्रकाश ही जीवन का मूलमंत्र है। सूर्य – किरण का स्पर्श पाकर ही पेड़ पल्लवित होता है। पेड़-पौधों के रेशे रेशे में सूरज की किरणें आबद्ध हैं। ईंधन को जलाने पर जो प्रकाश व ताप बाहर प्रकट होता है, वह सूर्य की ही ऊर्जा है। पेड़-पौधे व समस्त हरियाली प्रकाश हथियाने के जाल हैं। पशु-डाँगर, पेड़-पौधे या हरियाली खाकर अपने प्राणों का निर्वाह करते हैं। पेड़-पौधों में जो सूर्य का प्रकाश समाहित है वह इसी तरह

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

जंतुओं के शरीर में प्रवेश करता है। अनाज व सब्ज़ी न खाने पर हम भी बच नहीं सकते हैं। सोचकर देखा जाए तो हम भी प्रकाश की खुराक पाने पर ही जीवित हैं।

प्रश्न 1.पेड़ पल्लवित कैसे होता है?
(क) वायु से
(ख) प्रकाश से
(ग) सूर्य किरण का स्पर्श पाकर
(घ) नमी से

प्रश्न 2.जीवन का मूलमंत्र है-
(क) पानी
(ग) मिट्टी
(ख) वायु
(घ) प्रकाश

प्रश्न 3.ईंधन जलने पर प्रकाश व ताप कहाँ से आता है?
(क) लकड़ी गरम हो जाती है।
(ख) उसमें सूर्य की ऊर्जा है।
(ग) लकड़ी नमी खो देती है।
(घ) इनमें से कोई नहीं है।

प्रश्न 4.प्रकाश हथियाने का जाल कौन है?
(क) मानव जाति
(ख) पेड़-पौधे
(ग) हरियाली
(घ) पेड़-पौधे व हरियाली ।

**जवाब :** 1.(ग) सूर्य किरण का स्पर्श पाकर
2.(घ) प्रकाश
3.(ख) उसमें सूर्य की ऊर्जा है।
4.(घ) पेड़-पौधे व हरियाली ।

35. वृक्ष अपने फूलों में शहद का संचय करके रखते हैं। मधु मक्खी व तितली बड़े चाव से मधुपान करती हैं। मधु-मक्खी के आगमन से वृक्ष का भी उपकार होता है । तुम लोगों ने फूल में पराग कण देखे होंगे। मधुमक्खियाँ एक फूल के पराग कण दूसरे फूल पर ले जाती हैं। पराग कण के बिना बीज पक नहीं सकता।
इस प्रकार फूल में बीज फलता है। अपने शरीर का रस पिलाकर वृक्ष बीजों का पोषण करता है। अब अपनी जिंदगी के लिए उसे मोह-माया का लोभ नहीं है। तिल-तिल कर संतान की खातिर सब कुछ लुटा देता है। जो शरीर कुछ दिन पहले हरा-भरा था, अब वह बिल्कुल सूख गया है। अपने ही शरीर का भार उठाने की शक्ति क्षीण हो चली है।

प्रश्न 1.फूलों में उपस्थित शहद का पान कौन करता है?
(क) तितली
(ख) मधुमक्खी


Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(ग) दोनों
(घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 2.मधुमक्खियाँ पराग-कण में क्या मदद करती हैं?
(क) पराग कण उनका भोजन है।
(ख) पराग कण को गिरा देती हैं।
(ग) एक फूल से दूसरे फूल तक ले जाती हैं।
(घ) सभी उत्तर सही हैं।

प्रश्न 3.बीज कहाँ पलता है?
(क) पत्तों में
(ख) फल में
(ग) तने में
(घ) जड़ में

प्रश्न 4.हरा-भरा पेड़ धीरे-धीरे सूख जाता है क्योंकि-
(क) उसकी शक्ति क्षीण हो जाती है।
(ख) संतान के लिए स्वयं को बलिदान कर देती है।
(ग) पेड़ बूढ़ा होने लगता है।
(घ) पेड़ तिल-तिल कर अपना सब कुछ लुटा देता है

**जवाब :** 1.(ग) दोनों
2.(घ) सभी उत्तर सही हैं।
3.(घ) जड़ में
4.(ख) संतान के लिए स्वयं को बलिदान कर देती है।

36. बहुत दिनों तक मिट्टी के नीचे बीज पड़े रहे। इसी तरह महीना-दर-महीना बीतता गया। सर्दियों के बाद वसंत आया। उसके बाद वर्षा की शुरुआत में दो-एक दिन पानी बरसा। अब और छिपे रहने की आवश्यकता नहीं थी! मानों बाहर से कोई शिशु को पुकार रहा हो 'और सोए मत रहो, ऊपर उठ जाओ, सूरज की रोशनी देखो।' आहिस्ता आहिस्ता बीज का ढक्कन दरक गया, दो सुकोमल पत्तियों के बीच अंकुर बाहर निकला। अंकुर का एक अंश नीचे माटी में मजबूती से गड़ गया और दूसरा अंश माटी भेदकर ऊपर की ओर उठा। क्या तुमने अंकुर को उठते देखा है? जैसे कोई शिशु अपना नन्हा-सा सिर उठाकर आश्चर्य से नई दुनिया को देख रहा है!

**QUESTION:**
Q.1. बीज के बाहर निकलने के लिए किस मौसम की शुरुआत महत्त्वपूर्ण थी?
(A) गर्मी (B) सर्दी (C) वसंत (D) बारिश
Q.2. अंकुर का एक अंश कहाँ गड़ जाता है और दूसरा अंश कहाँ उठता है?
(A) जड़ ऊपर की ओर, तना नीचे की ओर
(B) जड़ नीचे की ओर, तना ऊपर की ओर
(C) जड़ ऊपर की ओर, तना समानांतर
(D) जड़ और तना दोनों ऊपर की ओर
Q.3. बीज से अंकुर बाहर निकलते समय किस तरह का दृश्य देखने को मिलता है?
(A) अंकुर बहुत तेजी से बाहर आता है
(B) अंकुर धीरे-धीरे और सावधानी से बाहर आता है


Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(C) अंकुर अचानक बाहर आता है और तुरंत बढ़ने लगता है
(D) अंकुर कुछ समय के लिए रुक जाता है
Q.4. बीज को अब छिपे रहने की आवश्यकता क्यों नहीं थी?
Q.5. बीज के बाहर निकलने की प्रक्रिया के दौरान क्या आवाज आ रही थी?

**जवाब :** 1. (C) वसंत
2. (B) जड़ नीचे की ओर, तना ऊपर की ओर
3. (B) अंकुर धीरे-धीरे और सावधानी से बाहर आता है
4. बहुत समय तक बीज मिट्टी के नीचे पड़े रहे। महीनों बीतने पर सर्दियों के बाद वसंत आने व पानी बरसने पर बीज्र अब छिपा नहीं रहा अपितु अंकुरित होकर ऊपर आने लगा।
5. आवाज़ ऐसी थी जैसे कोई शिशु पुकार रहा हो, 'और सोए मत रहो, ऊपर उठ जाओ, सूरज की रोशनी देखो।'

37. जब सूर्य का प्रकाश पड़ता है, तब पत्ते सूर्य-ऊर्जा के सहारे 'अंगारक' वायु से अंगार निःशेष कर डालते हैं और यही अंगार वृक्ष के शरीर में प्रवेश करके उसका संवर्दन करते हैं। पेड़-पौधे प्रकाश चाहते हैं। प्रकाश न मिलने पर ये बच नहीं सकते। पेड़-पौधों की सर्वाधिक कोशिश यही रहती है कि किसी तरह उन्हें थोड़ा-सा प्रकाश मिल जाए। यदि खिड़की के पास गमले में पौधा रखो, तब देखोगे कि सारी पत्तियाँ व डालियाँ अंधकार से बचकर प्रकाश की ओर बढ़ रही हैं। वन-अरण्य में जाने पर पता लगेगा कि तमाम पेड्ग-पौधे इस होड़ में सचेष्ट हैं कि कौन जल्दी से सिर उठाकर पहले प्रकाश को झपट ले। बेल-लताएँ छाया में पड़ी रहने से, प्रकाश के अभाव में मर जाएँगी। इसलिए वे पेड़ों से लिपटती हुई, निरंतर ऊपर की ओर अग्रसर होती रहती हैं।

**QUESTION:**
Q.1. सूर्य का प्रकाश पड़ने पर पत्ते 'अंगारक' वायु को किस चीज़ में बदलते हैं?
(A) जल (B) ऊर्जा (C) अंगार (D) शर्करा
Q.2. यदि पौधा अंधकार में रखा जाए, तो उसकी पत्तियाँ और डालियाँ किस ओर बढ़ेंगी?
(A) अंधकार की ओर (B) क्षितिज की ओर (C) प्रकाश की ओर (D) नीचे की ओर
Q.3. पेड़-पौधे प्रकाश की कमी से कैसे प्रभावित होते हैं?
(A) वे जल्दी से फल-फूलने लगते हैं
(B) वे मुरझाने लगेंगे और मर जाएँगे
(C) वे अधिक तेजी से बढ़ने लगते हैं
(D) वे अपनी शाखाएँ और पत्तियाँ गिरा देते हैं
Q.4. पेड़-पौधों की प्रकाश की ओर बढ़ने की प्रवृत्ति को कैसे वर्णित किया गया है?
Q.5. बेल-लताएँ पेड़ों से लिपटती क्यों रहती हैं?

**जवाब :** 1. (C) अंगार
2. (C) प्रकाश की ओर
3. (B) वे मुरझाने लगेंगे और मर जाएँगे
4. पेड़-पौधों की प्रकाश की ओर बढ़ने की प्रवृत्ति को सचेष्ट होड़ के रूप में वर्णित किया गया है, जिसमें वे तेज़ी से प्रकाश की ओर बढ़ने की कोशिश करते हैं।
5. बेल-लताएँ पेड़ों से इसलिए लिपटती रहती हैं, क्योंकि वे छाया में पड़ी रहती हैं। प्रकाश के अभाव में वे मर जाएँगी, इसलिए वे निरंतर पेड़ों से लिपटकर ऊपर की ओर अग्रसर होती रहती हैं।

38. पेड़ों पर मुस्कराते फूल देखकर हमें कितनी खुशी होती है! शायद पेड़ भी कम प्रफुल्लित नहीं होते! खुशी के मौके पर हम अपने परिजनों को निमंत्रित करते है। उसी प्रकार फूलों की बहार छाने पर पेड-पौधे भी अपने बंधु-बांधवों को बुलाते हैं। स्नेहसिक्त वाणी में पुकार सकते हैं, कहाँ हो मेरे बंधु, मेरे बांधव, आज मेरे घर आओ। यदि रास्ता भटक जाओ, कहीं घर पहचान नहीं सको, इसलिए रंग-बिरंगे फूलों के निशान लगा रखे हैं। ये रंगीन पंखुड़ियाँ दूर


Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

से देख सकोगे। मधुमक्खी व तितली के साथ वृक्ष की चिरकाल से घनिष्ठता है। वे दल-बल सहित फूल देखने आती हैं। कुछ पतंगे दिन के समय पक्षियों के डर से बाहर नहीं निकल सकते। पक्षी उन्हें देखते ही खा जाते है, इसलिए रात का अँधेरा घिरने तक वे छिपे रहते हैं। शाम होते ही उन्हें बुलाने की खातिर फूल चारों तरफ़ सुगंध-ही-सुगंध फैला देते हैं।

**QUESTION:**

Q.1. पेड़-पौधे अपने बंधु-बांधवों को किस माध्यम से बुलाते हैं?

(A) आवाज़ से (B) रंग-बिरंगे फूल से (C) सुगंध से (D) प्रकाश से

Q.2. मधुमक्वी और तितली पेड़ों के फूलों पर क्यों आती हैं?

(A) भोजन की खोज में (B) नींद की तलास में (C) खेल के लिए (D) विश्राम करने के लिए

Q.3. पतंगे दिन के समय बाहर क्यों नहीं निकलते?

(A) वे ठंडे मौसम से बचना चाहते है

(B) वे पक्षियों से डरते है

(C) वे पानी की तलाश में हैं

(D) वे सोना चाहते हैं

Q.4. वृक्ष की लंबे समय से किसके साथ घनिष्ठता है?

Q.5. फूलों की सूएं अं उपयोग किसलिए किया जाता है?

**जवाब :** 1. (B) रंग-बिरंगे फूल से

2. (A) भोजन की खोज में

3. (B) वे पक्षियों से उरते हैं

4. मधुमक्खी व वितली के पाथ वृक की चिरकाल से घनिष्ठता है।

5. फूलों की सुगंब का उपयोग पतंगों को आकर्षित करने के लिए किया जाता है, जिससे वे शाम को बाहर आ सकें।

*** प्रश्नों के उत्तर सक्षिप्त रूप में लिखो (3 Mark)** [6]

39. बीज से बीज तक की यात्रा अपने शब्दों में लिखिए।

**जवाब :** नन्हे नन्हे बीज जब धरती में बोये जाते हैं तो काफी समय तक मिट्टी के नीचे अँधेरे में दबे रहते हैं। पर्याप्त वर्षा होने पर जब मिट्टी गीली हो जाती है तो बीज के अंकुरण का समय आ जाता है। बीज धरती को चीर कर अपना अंकुर बाहर निकालता है। कुछ ही दिनों में एक नन्हा-सा हरा-सा पौधा अपना सुंदर रूप दिखाता है। ऐसा नहीं है कि पूरा बीज अंकुरित होकर बाहर आ जाता है। इसका कुछ हिस्सा जमीन में रहकर पौधे को मज़बूती प्रदान करता है। यही भाग जड़ है। पौधा धीरे-धीरे बड़ा होने लगता है। जड़ पौधे को मिट्टी से पानी व द्रव्य प्रदान करती है।

सूरज की रोशनी में पौधे अपना भोजन तैयार करते हैं। वे मनुष्यों द्वारा छोड़ी गई विषाक्त वायु ग्रहण कर लेते हैं। जिन पौधों को सूर्य का प्रकाश नहीं मिलता वे जल्दी ही सड़कर सूख जाते हैं। धीरे-धीरे पौधों पर कलियाँ आती हैं। बड़ी होकर वे फूलों में परिवर्तित हो जाती हैं। फूलों में पराग-कण होते हैं। मधुमक्खियाँ पराग कणों को दूसरे फूलों पर ले जाकर प्रजनन में सहायक होती हैं। तत्पश्चात फल बनता है। इसी फल के अंदर बीज होते हैं। यही बीज धरती में जाकर पुनः अंकुरित होते हैं। यही है बीज से बीज तक की कहानी।

40. क्या वृक्षों के बिना इस धरती पर मानव जीवन संभव है? यदि नहीं तो कारण बताइए ।

**जवाब :** नहीं, वृक्षों से ही इस धरती पर मानव का अस्तित्व संभव है। वृक्ष यदि नहीं होंगे तो हमें जीवित रहने के लिए प्राणवायु नहीं मिलेगी और हमारी श्वास-प्रश्वास की प्रक्रिया रुक जाएगी। इस धरती पर वृक्षों के न होने से प्रदूषण की मात्रा बढ़ जाएगी। जितने वृक्ष अधिक होंगे उतना ही प्रदूषण कम होगा। प्राकृतिक संतुलन में बनाए रखने में भी पौधों का बहुत बड़ा हाथ है। हम सभी जानते हैं कि वर्षा का होना अत्यावश्यक है। यदि वर्षा न हो तो धरती सूखी बंजर बन जाएगी। वृक्षों के होने से ही वर्षा का होना संभव है। हमारे दैनिक प्रयोग की अनेक वस्तुएँ हमें पेड़ ही प्रदान करते

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

हैं। जैसे फल-फूल, सब्जियाँ, दवाइयाँ, रुई, लकड़ी इत्यादि । इसलिए हम कह सकते हैं। कि वृक्षों के बिना मानव जीवन का अस्तित्व असंभव है।

* **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ( 2 Mark )** **[16]**

41. जड़ और तने से आप क्या समझते हो ?

**जवाब :** अंकुरण के पश्चात पौधे का जो भाग जमीन के अंदर रहता है वह 'जड़' तथा जो भाग भूमि के ऊपर बढ़ता है, वह तना कहलाता है। जड़ का कार्य भूमि से पानी तथा मिट्टी से द्रव्यों को लेकर पौधे को पहुँचाना है। तने पर पत्ते, फूल तथा फल लगते हैं।

42. सूर्य का प्रकाश पौधों के लिए क्यों आवश्यक है?

(C)

**जवाब :** सूर्य का प्रकाश पौधों के लिए अत्यावश्यक है। सूर्य के प्रकाश की मदद से ही पौधे अपना भोजन बनाते हैं। इस प्रक्रिया में वे वातावरण में उपस्थित कार्बन डाईऑक्साइड को लेकर बदले में वातावरण में ऑक्सीजन छोड़ते हैं।

43. पेड़ों के लिए फूलों की क्या भूमिका है?

**जवाब :** पेड़ों पर मुस्कुराते फूल अत्यंत सुंदर व सुशोभित होते हैं। फूलों की बहार आने पर वे अपने बंधु-बांधवों को बुलाते हैं। रंग-बिरंगे फूलों पर मधुमक्खियाँ व तितलियाँ आकर्षित होती हैं। वे अपने दल-बल के साथ फूलों पर मंडराती हैं। पराग कणों के स्थानांतरण में मधुमक्खियाँ सहयोग देती हैं।

44. वृक्ष बीजों का पोषण किस प्रकार करते हैं?

**जवाब :** फूल में बीज फलता है। अपने शरीर का रस पिलाकर वृक्ष बीजों का पोषण करता है। अब अपनी जिंदगी के लिए मोह-माया का लाभ वृक्षों को नहीं है। वृक्ष अपना तिल-तिल अपनी संतान की खातिर सब कुछ लुटा देता है। एक दिन सूखकर पेड़ अपना जीवन समाप्त कर लेता है।

45. मैं सबसे छोटी होऊँ,
तेरी गोदी में सोऊँ,
तेरा अंचल पकड़-पकड़कर
फिरूँ सदा माँ! तेरे साथ,
कभी न छोड़ें तेरा हाथ!
बड़ा बनाकर पहले हमको
तू पीछे छलती है मात!
हाथ पकड़ फिर सदा हमारे
साथ नहीं फिरती दिन-रात!
अपने कर से खिला, धुला मुख,
धूल पोंछ, सज्जित कर गात,
थमा खिलौने, नहीं सुनाती
हमें सुखद परियों की बात!
ऐसी बड़ी न होऊँ मैं
तेरा स्नेह न खोऊँ मैं,
तेरे आंचल की छाया में
छिपी रहूँ निस्पृह, निर्भय,
कहूँ-दिखा दे चंद्रोदय!

**QUESTION:**

Student Bro
Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

Q.1. इस कविता के लेखक कौन हैं?
(A) भगवत शरण उपाध्याय (B) सुमित्रानंदन पंत (C) कृष्णा सोबती (D) सुभद्रा कुमारी चौहान
Q.2. बालिका क्या होना चाहती है?
(A) सबसे बड़ी (B) सबसे छोटी (C) प्रिय बालिका (D) सामान्य

**जवाब :** 1. (B) सुमित्रानंदन पंत
2. (B) सबसे छोटी

46. मैं सबसे छोटी होऊँ,
तेरी गोदी में सोऊँ,
तेरा अंचल पकड़-पकड़कर
फिरूँ सदा माँ! तेरे साथ,
कभी न छोड़ें तेरा हाथ!
बड़ा बनाकर पहले हमको
तू पीछे छलती है मात!
हाथ पकड़ फिर सदा हमारे
साथ नहीं फिरती दिन-रात!
अपने कर से खिला, धुला मुख,
धूल पोंछ, सज्जित कर गात,
थमा खिलौने, नहीं सुनाती
हमें सुखद परियों की बात!
ऐसी बड़ी न होऊँ मैं
तेरा स्नेह न खोऊँ मैं,
तेरे आंचल की छाया में
छिपी रहूँ निस्पृह, निर्भय,
कहूँ-दिखा दे चंद्रोदय!

**QUESTION:**

Q.1.बच्ची किसके साथ फिरना चाहती है?
(A) अपने भाई के (B) अपनी बहन के (C) अपने मित्रों के (D) अपनी माँ के
Q.2. सबसे छोटी होने पर माँ से कौन-कौन से सुख प्राप्त होते हैं?
(A) माँ के साथ सोने का
(B) माँ के हाथों से खाना खाने का
(C) गोदी में सोने और उनका आँचल पकड़कर उसके साथ घूमने का
(D) माँ के साथ सारा दिन बिताने का

**जवाब :** 1. (D) अपनी माँ के
2. (C) गोदी में सोने और उनका आँचल पकड़कर उसके साथ घूमने का

47. मैं सबसे छोटी होऊँ,
तेरी गोदी में सोऊँ,
तेरा अंचल पकड़-पकड़कर
फिरूँ सदा माँ! तेरे साथ,
कभी न छोड़ें तेरा हाथ!
बड़ा बनाकर पहले हमको

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

तू पीछे छलती है मात!
हाथ पकड़ फिर सदा हमारे
साथ नहीं फिरती दिन-रात!

**QUESTION:**

Q.1. कवि और कविता का नाम लिखिए।

Q.2. किसकी क्या इच्छा है?

**जवाब :** 1. कवि का नाम-सुमित्रानंदन पंत कविता का नाम-मैं सबसे छोटी होऊँ।

2. छोटी बच्ची की यह इच्छा है कि वह सबसे छोटी हो जाए और सदा माँ की गोद में सोए।

48. अपने कर से खिला, धुला मुख,
धूल पोंछ, सज्जित कर गात,
थमा खिलौने, नहीं सुनाती
हमें सुखद परियों की बात!
कहूँ-दिखा दे चंद्रोदय!
ऐसी बड़ी न होऊँ मैं,
तेरा स्नेह न खोऊँ मैं,
तेरे अंचल की छाया में
छिपी रहूँ निस्पृह, निर्भय,

**QUESTION:**

Q.1. बड़ा होने पर माँ क्या नहीं करती?

Q.2. बच्ची माँ से क्या अपेक्षा करती है?

**जवाब :** 1. बड़ा होने पर माँ बच्चों को खाना नहीं खिलाती, मुँह नहीं धुलाती, सजाती-सँवारती नहीं, खिलौने नहीं देती और परियों की कहानी नहीं सुनाती।

2. बच्ची माँ से अपेक्षा रखती है कि उसका हाथ पकड़कर दिन-रात उसे घुमाए, हाथ से खिलाए, नहलाए-धुलाए, उसे सजाए, परियों की कहानियाँ सुनाए और खिलौने दे।

*** प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए (1 Mark)** **[4]**

49. बीज से अंकुर कब निकलता है ?

**जवाब :** बहुत दिनों तक मिट्टी के नीचे बीज दबा रहता है। तत्पश्चात सर्दियों के बाद वसंत आता है। वर्षा की शुरुआत में एक दो दिन पानी बरसता है तो बीज से अंकुर निकलता है।

50. गमले के पौधे को खिड़की के पास क्यों रखा जाता है?

**जवाब :** गमले के पौधे को खिड़की के पास इसलिए रखा जाता है, ताकि वह सूर्य की रोशनी पा सके और फलता-फूलता रहे।

51. पौधे हमें कौन-सी वायु प्रदान करते हैं ?

**जवाब :** पौधे हमें जीवित रहने के लिए प्राणवायु प्रदान करते हैं।

52. सूखा पेड़ क्यों गिर जाता है ?

**जवाब :** सूखा पेड़ हवा का आघात सहन न करने के कारण गिर जाता है।

*** सूचना अनुसार कीजिए :** **[7]**

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

53. शब्द समूह को पूर्ण कीजिए।
रस

**जवाब :** रस-पान

54. शब्द समूह को पूर्ण कीजिए।
श्वास

**जवाब :** श्वास-प्रवास

55. शब्द समूह को पूर्ण कीजिए।
जीव

**जवाब :** जीव-जंतु

56. शब्द समूह को पूर्ण कीजिए।
पेड़

**जवाब :** पेड़-पौधे

57. शब्द समूह को पूर्ण कीजिए।
पराग

**जवाब :** पराग-कण

58. शब्द समूह को पूर्ण कीजिए।
मोह

**जवाब :** मोह-माया

59. शब्द समूह को पूर्ण कीजिए।
हरा

**जवाब :** हरा-भरा

----- -----

Student Bro

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in